फाइल नं0-71-1006/91/2019

68/2022/I/162117/2022

प्रेषक,

एस0 पी0 सिंह,
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनाँक 04 मई, 2022

विषयः- वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजकीय मेडिकल कालेज मेरठ, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, आगरा एवं कन्नौज हेतु क्रय किये गये एम0आर0आई0 मशीन के कस्टम ड्यूटी का भुगतान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज, आगरा, आजमगढ़, मेरठ एवं कन्नौज हेतु क्रय किये गये एम0आर0आई0 मशीन की कस्टम ड्यूटी हेतु रू0 4,39,70,565/- का भुगतान किया जाना है। शासनादेश दिनॉक 31.03.2022 द्वारा एम0आर0आई0 मशीन की कस्टम ड्यूटी हेतु रू0 4,39,70,565/- के सापेक्ष रू0 276.00 लाख के व्यय की अनुमति प्रदान की जा चुकी है। शेष धनराशि रू0 1,63,71,000/- के व्यय की अनुमति प्रदान की जानी है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज, आगरा, आजमगढ़, मेरठ एवं कन्नौज हेतु क्रय किये गये एम0आर0आई0 मशीन की अवशेष कस्टम ड्यूटी रू0 1,63,71,000/- के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद-26-मशीने और सज्जा/उपकरण और संयंत्र मद में राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज तथा मेरठ में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष रू0 99,12,337/- (रू0 निन्यानबे लाख बारह हजार तीन सौ सैंतीस मात्र) की धनराशि अवमुक्त करते हुए निम्न विवरणानुसार व्यय करने की अनुमति प्रदान की जाती है:-

क्र0	मेडिकल कालेज का नाम	प्राविधानित धनराशि (रू0 में)	स्वीकृत की जा रही धनराशि (रू0 में)
1	राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज	29000000	4956169.00
2	राजकीय मेडिकल कालेज, मेरठ	29000000	4956168.00
	योग-	58000000	9912337.00

3- शेष धनराशि रू0 64,58,663/- की देयता की प्रतिपूर्ति मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर में उसी मद में हो रही बचत रू0 38,60,903/- एवं मेडिकल कालेज, कन्नौज में उसी मद में हो रही बचत रू0 25,97,760/- से की जायेगी।

4- उपर्युक्तानुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवमुक्त धनराशि रू0 9912337.00 एवं बचत की कुल धनराशि रू0 6458663.00 इस प्रकार कुल रू0 1,63,71,000/- की धनराशि कस्टम ड्यूटी के भुगतान हेतु व्यय की जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

1. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-15/2021/बी-1-829/दस-2021-231/2022, दिनांक 30.12.2021 एवं पत्र संख्या-5/2022/बी-1-224/दस-2022-231/2022, दिनॉक 29.03.2022 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2. शासन के पत्र संख्या-59/71-1-2022, दिनॉक 31.03.2022 की शेष शर्ते यथावत् रहेंगी।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रूपये 49,56,169 (रूपये उनचास लाख छप्पन हजार एक सौ उनहत्तर मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 031 लेखाशीर्षक 4210031054000 मेडिकल कालेज, प्रयागराज मानक मद 26 मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र (2) रूपये 49,56,168 (रूपये उनचास लाख छप्पन हजार एक सौ अड़सठ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 031 लेखाशीर्षक 4210031054100 मेडिकल कालेज, मेरठ मानक मद 26 मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-15/2021/बी-1-829/दस-2021-231/2022, दिनांक 30.12.2021 एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-5/2022/बी-1-224/दस-2022-231/2022, दिनॉक 29.03.2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधनित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय

(एस0 पी0 सिंह)
अनु सचिव

संख्या:-उपरोक्त, तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. श्री क्षितिज मिश्रा, अधिवक्ता, मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ।
2. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, मेरठ प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, आगरा एवं कन्नौज।
4. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, मेरठ प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, आगरा एवं कन्नौज।
5. संबंधित फर्म (द्वारा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण)।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(एस0 पी0 सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।